लोक सभा अध्यक्ष ने श्री रवि राय को पुष्पांजलि अर्पित की

...

नई दिल्ली, 26 नवंबर, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री रवि राय को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्री राय को पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री रवि राय का जन्म 26 नवंबर 1926 को उड़ीसा के पुरी जिले के भानारागढ़ गांव में हुआ था। वह 1967 (चौथी लोकसभा) में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। श्री राय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के रूप में भी कार्य किया। श्री राय ने नौवीं लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वह 19 दिसंबर 1989 से 09 जुलाई 1991 तक इस पद पर रहे।

श्री रवि राय का चित्र बाहरी लॉबी, लोकसभा कक्ष में प्रदर्शित किया गया है जिसका अनावरण 10.02.2014 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा किया गया था।